# शिवाजी विज्ञान महाविद्यालय,कांग्रेस नगर, नागपुर

## प्रथम सत्र परिक्षा- 2021-22

## विषय :- हिन्दी

**गुण:- 80** **कक्षा:- 12**

**समय :- 3 घंटे**

सूचनाएँ -
(1) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य की सभी कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।
(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें।
(3) आकृतियों में उत्तर पेन से ही लिखना आवश्यक है।
(4) व्याकरण विभाग में पूछी गई कृतियों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।

### विभाग - १ : गद्य - [20 अंक]

**कृति 1. (अ) गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए :** [6 अंक]

वर्तमान युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। दुनिया में भौतिक विकास हासिल कर लेने की होड़ मची है। विकास की इस दौड़ में जाने-अनजाने हमने अनेक विसंगतियों को जन्म दिया है। प्रदूषण उनमें से एक अहम समस्या है। हमारे भूमंडल में हवा और पानी बुरी तरह प्रदूषित हुए हैं। यहाँ तक कि मिट्टी भी आज प्रदूषण से अछूती नहीं रही। इस प्रदूषण की चपेट से शायद ही कोई चीज बची हो। साँस लेने के लिए स्वच्छ हवा मिलना मुश्किल हो रहा है। जीने के लिए साफ पानी कम लोगों को ही नसीब हो रहा है। पर्यावरणविदों का कहना है कि अगले पच्चीस सालों में दुनिया को पेयजनल के घनघोर संकट का सामना करना पड़ सकता है। आज शायद ही कोई जलस्रोत प्रदूषण से अप्रभावित बचा हो ! कुछ लोगों का कहना है कि अगला विश्वयुद्ध राजनीतिक, सामरिक या आर्थिक हितों के चलते नहीं, वरना पानी के लिए होगा। यह तस्वीर नि:संदेह भयावह है लेकिन इसे किसी भी तरह से अतिरंजित नहीं कहा जाना चाहिए। परिस्थितियाँ जिस तरह से बदल रही हैं और धरती पर संसाधनों के दोहन के चलते जिस तरह से जबर्दस्त दबाव पड़ रहा है तथा समूची परिस्थिति का तंत्र जिस तरह चरमरा गया है, उसके चलते कुछ भी संभव हो सकता है।

**(1) आकृति पूर्ण कीजिए :** (2)

(i)

वर्तमान युग इनका युग है → [ ] / [ ]

(ii) कारण लिखिए -

अगला विश्व युद्ध राजनीतिक, सामरिक या आर्थिक हितों के चलते नहीं, वरना पानी के लिए होगा।

**(2) निम्नलिखित शब्दों के लिए समानार्थी शब्द परिच्छेद में से ढूँढ़कर लिखिए :** (2)

(i) नीर - ..........................
(ii) भयंकर - ..........................
(iii) उन्नति - ..........................
(iv) बेशक - ..........................


**(3) 'पर्यावरण रक्षा में हमारा योगदान' इस विषय पर 40 से 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :** (2)

कृति 1. (आ) गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए : [6 अंक]

इस अल्हाड़ उम्र में अगर वह लड़की अपने परिवार के स्नेह संरक्षण से मुक्त है, आजादी के नाम पर स्वयं को जरूरत से ज्यादा अहमियत देकर अंतर्मुखी हो गई है तो उसके फिसलने की संभावना अधिक बड़ जाती है। अपने में अकेली पड़ गई लड़की जैसे ही किसी लड़के के संपर्क में आती है, उसे अपना हमदर्द समझ बैठती है और उसके बहकने की, उसके कदम भटकने की संभावना और भी बढ़ जाती है। लगता है, अपने परिवार से कटी रचना के साथ ऐसा ही है। यदि सचमुच ऐसा है तो तुम्हें और भी सावधानी से काम लेना होगा अन्यथा उसे समझाना मुश्किल होगा, उलटे तुम्हारी दोस्ती में दरार आ सकती है।

एक अच्छी सहेली के नाते तुम उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करो। अगर लगे कि वह अपने परिवार से कटी हुई है तो उसकी इस टूटी कड़ी को जोड़ने का प्रयास करो। जैसे तुम मुझे पत्र लिखती हो, उससे भी कहो; वह अपनी माँ को पत्र लिखे। अपने घर की, भाई-बहनों की बातों में रुचि लें। अपनी समस्याओं पर माँ से खुलकर बात करे और उनसे सलाह ले। यदि उसकी माँ इस योग्य न हो तो वह अपनी बड़ी बहन या भाभी से निर्देशन ले। यह भी संभव न हो तो अपनी किसी समझदार सहेली या रिश्तेदार को ही राजदार बना ले। घर में किसी से भी बातचीत का सिलसिला जोड़कर वह अपनी समस्या से अकेले जूझने से निजात पा सकती है। नहीं तो तुम तो हो ही। ऐसे समय वह तुम्हारी बात न सुने, तुम्हें झटक दे, तब भी उसकी वर्तमान मनोदशा देखकर तुम्हें उसकी बात का बुरा नहीं मानना है। उसका मूड देखकर उसका मन टटोलो और उसे प्यार से समझाओ।

(1) संजाल पूर्ण कीजिए : (2)




(2) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए : (2)

(i) समस्या - ........................ (ii) बात - ........................

(iii) लड़का - ........................ (iv) परिवार - ........................

(3) 'माँ संतान की सच्ची अंतरंग सहेली होती है' इस कथन पर 40 से 50 शब्दों में अपना मत लिखिए : (2)

कृति 1. (इ) निम्नलिखित के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखिए : *(सिर्फ दो)*

(i) 'आदर्श बदला' कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ii) मौसी की स्वभावगत विशेषताएं लिखिए।

(iii) 'पाप के चार हथियार' पाठ का संदेश लिखिए।

कृति 1. (ई) साहित्यसंबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए : *(केवल दो)* [2 अंक]

(i) 'जिंदगी मुस्कुराई' निबंध संग्रह है -

(ii) 'पुष्पलता' कहानी संग्रह के लेखक का नाम लिखिए।

(iii) कन्हैयालाल मिश्र जी के संस्मरण एवं रेखाचित्रों के नाम लिखिए।

(iv) डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र जी की रचनाएं बताइए।

## विभाग - २ : पद्य - [20 अंक]

**कृति 2. (अ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए :**

जहाँ भी खड़ा हो
सड़क, झील या कोई पहाड़
भेड़िया, बाघ, शेर की दहाड़
पेड़ किसी से नहीं डरता है!
हत्या या आत्महत्या नहीं करता है पेड़।
थके राहगीर को देकर छाँव व ठंडी हवा
राह में गिरा देता है फूल
और करता है इशारा उसे आगे बढने का।
पेड़ करता है सभी का स्वागत,
देता है सभी को विदाई!
गाँव के रास्ते का वह पेड़
आज भी मुस्कुरा रहा है

हालाँकि वह सीधा नहीं, टेढ़ा पड़ा है
सच तो यह है कि -
रात भर तूफान से लड़ा है
खुद घायल है वह पेड़
लेकिन क्या देखा नहीं तुमने
उसपर अब भी सुरक्षित
चहचहाते हुए चिड़िया के बच्चों का घोंसला है
जी हाँ, सच तो यह है कि
पेड़ बहुत बड़ा हौसला है।

(1) कृति पूर्ण कीजिए : (2)

(i)

पेड़ कभी नहीं करता है → [ ] / [ ]

(ii)

पेड़ नहीं डरता है → [ ] / [ ]

(2) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए : (2)

(i) बच्चा - ..........................  (ii) बाघ - ..........................

(iii) शेर - ..........................  (iv) ठंडी - ..........................

(3) 'पेड़' पक्षी और मनुष्य के लिए परोपकारी है' इस विषय पर 40 से 50 शब्दों में अपने विचार व्यक्त कीजिए :(2)

**कृति 2. (आ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए।** **[6 अंक]**

तुमने विश्वास दिया है मुझको,
मन का उच्छ्वास दिया है मुझको।
मैं इसे भूमि पर सँभालूँगा,
तुमने आकाश दिया है मुझको।
सूत्र यह तोड़ नहीं सकते हैं,
तोड़कर जोड़ नहीं सकते हैं।
व्योम में जाएँ, कहीं भी उड़ जाएँ,
भूमि को छोड़ नहीं सकते हैं।
सत्य है, रात में अँधेरा है,
रोक देने के लिए घेरा है।
काम भी और तुम करोगे क्या,
बढ़ चलो, सामने अँधेरा है।

(1) संजाल पूर्ण कीजिए : (2)

(i) कवि को मिला है
- ↓ ..............
- ↓ ..............

(ii) सूत्र यह नहीं कर सकते
- ↓ ..............
- ↓ ..............

(2) निम्नलिखित शब्दों के लिए पद्यांश में से समानार्थी शब्द ढूढ़कर लिखिए : (2)

(i) कर्म - .............................. (ii) धरती - ..............................

(iii) भरोसा - .............................. (iv) सच - ..............................

(3) जीवन में किसी का विश्वास एवं प्रोत्साहन का बड़ा महत्त्व होता है, इस विषय पर अपने विचार 40 से 50 शब्दों में व्यक्त कीजिए : (2)

---

**कृति 2. (इ) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर 'चुनिंदा शेर' में आए हुए शेरों का रसास्वादन कीजिए :** **[6 अंक]**

(i) शेरों के रचनाकार (ii) पसंद की पंक्तियाँ

(iii) पसंद आने के कारण (iv) शेरों की केन्द्रीय कल्पना

अथवा

'गुरुनिष्ठा और भक्तिभावना से ही मावन श्रेष्ठ बनता है' इस कथन के आधार पर 'गुरुवाणी' कविता का रसास्वादन कीजिए :

कृति 2. (ई) साहित्यसंबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए (केवल दो) : [2 अंक]

(i) डॉ. जगदीश गुप्त की प्रमुख साहित्यिक कृतियों के नाम -

(ii) नयी कविता का परिचय -

(iii) रीतिकालीन काव्य परंपरा के दो कवियों के नाम लिखिए।

(iv) 'भाव पंचाशिका' रचना है -




## विभाग - ३ : विशेष अध्ययन - [10 अंक]

कृति 3.(अ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार आकृतियाँ पूर्ण कीजिए : [6 अंक]

अपनी जमुना में
जहाँ घंटों अपने को निहारा करती थी मैं
वहाँ अब शस्त्रों से लदी हुई
अगणित नौकाओं की पंक्ति रोज-रोज कहाँ जाती है ?
धारा में बह-बहकर आते हुए टूटे रथ
जर्जर पताकाएँ किसकी हैं ?
हारी हुई सेनाएँ, जीती हुई सेनाएँ
नभ को कँपाते हुए युद्ध घोष, क्रंदन-स्वर,
भागे हुए सैनिकों से सुनी हुई
अकल्पनीय अमानुषिक घटनाएँ युद्ध की
क्या ये सब सार्थक हैं ?
चारों दिशाओं से
उत्तर को उड़-उड़कर जाते हुए
गिद्धों को क्या तुम बुलाते हो

(1) संजाल पूर्ण कीजिए : (2)




(2) निम्नलिखित शब्दों के लिए परिच्छेद में आए हुए विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए : (2)

(i) निरर्थक - ........................ (ii) प्रश्न - ........................

(iii) हार - ........................ (iv) गणित - ........................

(3) 'युद्ध के कारण होनेवाली जन-धन हानि' इस विषय पर 40 से 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए : (2)

**कृति 3. (आ) निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखिए।** [4 अंक]

(i) कृष्ण की प्रिय आम की डाली काटे जाने का कारण लिखिए।

(ii) 'कनुप्रिया' में धर्मवीर भारती ने राधा के मन की व्यथा का सुंदर चित्रण किया है' इस कथन के आधार पर कविता का रसास्वादन कीजिए।

## विभाग - ४ : व्यावहारिक हिंदी / अपठित गद्यांश / पारिभाषिक शब्दावली - [20 अंक]

**कृति 4. (अ) निम्नलिखित का उत्तर लगभग 100 से 120 शब्दों में लिखिए :** [6 अंक]

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर फीचर लेखन कीजिए :

**अथवा**

**परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए :**

''स्नेहा, बहुत-बहुत बधाई! आज तुमने फीचर लेखन में शीर्ष स्थान पा लिया है।'' स्नेहा की बात काटकर संपादक ने बधाई दी। सभी ने एक स्वर में कहा, ''बधाई हो।'' इन शब्दों को सुनते ही स्नेहा दस वर्ष पूर्व की दुनिया में चली गई। पत्रकारिता कोर्स के बीतते दिन-महीने...फीचर लेखन के संबंध में सुने हुए लेक्चर्स... प्रोफेसरों से की गईं चर्चाएँ... अध्ययन, परीक्षा... फीचर लेखन का प्रारंभ... फीचर लेखन की सिद्धहस्त लेखिका बनना ही उसका एकमात्र सपना था।

उसकी यादों में वह दिन तैर गया... जब उसे पत्रकारिता कोर्स में फीचर लेखन पर व्याख्यान देने के लिए बुलाया गया था। हॉल विद्यार्थियों से खचाखच भरा हुआ था। आज उसे अपने परिश्रम सार्थक होते नजर आ रहे थे। फीचर लेखन पर स्नेहा ने बोलना प्रारंभ किया। रोचक प्रसंगों के साथ स्नेहा विद्यार्थियों को फीचर लेखन की विशेषताएँ बताने लगी, ''अच्छा फीचर नवीनतम जानकारी से परिपूर्ण होता है। किसी घटना की सत्यता अथवा तथ्यता फीचर का मुख्य तत्व है। फीचर लेखन में राष्ट्रीय स्तर के तथा अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों का समावेश होना चाहिए क्योंकि समाचारपत्र दूर-दूर तक जाते हैं। इतना ही नहीं; फीचर का विषय समसामयिक होना चाहिए।

**(1) उत्तर लिखिए :** (2)

**फीचर लेखन की विशेषताएं -**

(i) ........................... (ii) ...........................

(iii) ........................... (iv) ...........................

(2) (i) गद्यांश में प्रयुक्त दो शब्द युग्म ढूँढ़कर लिखिए : (1)

(क) ........................... (ख) ...........................

(ii) गद्यांश से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द ढूँढ़कर लिखिए : (1)

(क) जिसका हाथ मँजा हुआ है - ...........................

(ख) सफलता पर किया जाने वाला हर्ष प्रकाश - ...........................

(3) 'सफलता मिलने पर मिलनेवाली बधाइयों का प्रभाव' विषय पर 40 से 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए : (2)

**कृति 4. (आ) निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखिए :** [4 अंक]

(i) प्रकाश उत्पन्न करनेवाले जीवों की वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से जानकारी लिखिए।

(ii) ब्लॉग लेखन में बरती जानेवाली सावधानियों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

**(आ) सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए :** [4 अंक]

(i) शारीरिक विकास के साथ-साथ ...................... विकास भी आवश्यक होता है। (शैक्षिक / बौद्धिक)

(ii) फीचर लेखन ...................... होना चाहिए। (भावना प्रधान / कल्पना प्रधान)

(iii) कार्यक्रम कोई भी हो, मंच की ...................... बनी रहे। (महिमा / गरिमा)

(iv) ब्लॉग लेखन में शब्द संख्या का बंधन ...................... । (होता है / नहीं होता है)

**कृति 4. (इ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर कृतियाँ पूर्ण कीजिए :** [6 अंक]


सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि ग्रह की कक्षा है। शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है। यह हमारी पृथ्वी से करीब 750 गुना बड़ा है। शनि के गोले का व्यास 116 हजार किलोमीटर है, अर्थात पृथ्वी के व्यास से करीब नौ गुना अधिक।

सूर्य से शनि की औसत दूरी 143 करोड़ किलोमीटर है। यह ग्रह प्रति सेकेण्ड 9.6 किलोमीटर की औसत गति से करीब तीस वर्षों में सूर्य का एक चक्कर लगाता है। अत: 90 साल का कोई बूढ़ा आदमी यदि शनि ग्रह पर पहुँचेगा तो उस ग्रह के अनुसार उसकी उम्र होगी सिर्फ तीन साल।

हमारी पृथ्वी सूर्य से करीब 15 करोड़ किलोमीटर दूर है। तुलना में शनि ग्रह दस गुना अधिक दूर है। इसे दूरबीन के बिना कोरी आँखों से भी आकाश में पहचाना जा सकता है। पुराने जमाने के लोगों ने इस पीले चमकीले ग्रह को पहचान लिया था। प्राचीन काल के ज्योतिषियों को सूर्य, चंद्र और काल्पनिक राहू-केतू के अलावा जिन पाँच ग्रहों का ज्ञान था उनमें शनि सबसे अधिक दूर था।

शनि को 'शनैश्चर' भी कहते हैं। आकाश के गोल पर यह ग्रह बहुत धीमी गति से चलता दिखाई देता हैं, इसीलिए प्राचीन काल के लोगों ने इसे 'शनैश्चर' नाम दिया था। 'शनैश्चर' का अर्थ होता है - धीमी गति से चलनेवाला।

**(1) संजाल पूर्ण कीजिए :** (2)




**(2) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :** (2)

(i) सूर्य - ..........................  (ii) गति - ..........................

(iii) आकाश - ..........................  (iv) आँख - ..........................

**(3) 'सौरमंडल' विषय पर 40 से 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :** (2)

कृति 4. (ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार के हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

(i) Auxilliary Memory
(ii) Optic Fibre
(iii) Fixed Deposit
(iv) Demurrage
(v) Registration
(vi) Temporary
(vii) Suspension
(viii) Ambassador

## विभाग - ५ : व्याकरण - [10 अंक]

कृति 5.(अ) निम्नलिखित वाक्यों का कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए : *(कोई दो)* [2 अंक]

(i) गर्ग साहब ने अपने वचन का पालन किया है। *(सामान्य भूतकाल)*
(ii) अपना सब कुछ समझने लगती है। *(पूर्ण वर्तमान काल)*
(iii) आज वे भी नई पगड़ियाँ बाँधकर निकलते हैं। *(अपूर्ण भूतकाल)*
(iv) मैं इसके परिणाम की प्रतीक्षा करती थी। *(सामान्य भविष्यकाल)*

कृति 5. (आ) निम्नलिखित पंक्तियों में उद्धृत अलंकार पहचान कर उसका नाम लिखिए: *(कोई दो)* [2 अंक]

(i) ''दिवसावसान का समय,
मेघमय आसमान से उतर रही है,
वह संध्या सुंदरी, परी सी
धीरे, धीरे, धीरे।।''

(ii) अति आनंद उमगि अनुरागा।
चरण सरोज पखारन लागा।।

(iii) झूठे जानि न संग्रही, मन मुँह निकसै बैन।
याहि ते मानहुँ किए, बातनु को बिधि नैन।

(iv) जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्याप्त नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।

कृति 5.(इ) निम्नलिखित पंक्तियों में उद्धृत रस पहचान कर उसका नाम लिखिए : *(कोई दो)* [2 अंक]

(i) हे नृपबालक काल बस, बोलत तोहि न संभार।
धनुही सम त्रिपुरारि ध्रुत बिदित सकल संसार।।

(ii) एक अचंभा देखा रे भाई।
ठाढ़ा सिंह चरावै गाई।
पहले पूत पाछे माई।
चेला के गुरू लागे पाई।।

(iii) अँसुवन जल सिंचि सिंचि प्रेम बेलि बोई।
मीरा की लगन लागी, होनी हो सो होई।।

(iv) बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।
सौंह करे, भौंहनि हँसै, दैन कहै नटि जाय।।

कृति 5. (ई) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : *(कोई दो)* [2 अंक]

(i) चिराग तले अँधेरा।

(ii) पाँचों उँगलियाँ घी में होना।

(iii) सितारा चमकना

(iv) रंग में भंग होना।

कृति 5. (उ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए *(कोई दो)* :

(i) दिलीप अपने माँ-बाप की इकलौती संतान थी।

(ii) प्रेरणा और ताकद बनकर परस्पर विकास में सहभागी बनें।

(iii) लोग मेरी बातों की दील्लगी समझ कर उड़ा देते हैं।

(iv) चलते-चलते हमारे बीच का अंतर कम हो गया था।